1	2	3
60.	श्रीनगर	1680.0
61.	सूरत	2900.0
62.	विजयवाड़ा	5300.0
63.	अकूरबस्ती	3600.0
64.	ताडोपाली	2900.0
65.	हुबली	5300.0
66.	जिन्द	5300.0
67.	मथुरा	6050.0
68.	बम्बई (शोधनशाला)	15700.0
69.	विशाखा (शोधनशाला)	10600.0
70.	गांधी नगर	1200.0
71.	कसना	1200.0
72.	होशियारपुर	1200.0
	जोड़ :	600550.0

करनाल तेल शोधक कारखाने के निर्माण कार्य में विलम्ब

793. श्री राम नरेश यादव : क्या पेट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि करनाल तेल शोधक कारखाने के निर्माण में कार्य में विलम्ब होने की सम्भावना है ;

(ख) यदि हां तो क्या यह भी सच है कि इस में विलम्ब होने के कारण इस परियोजना के निर्माण कार्य की लागत भी बढ़ गई है ;

(ग) यदि हां, तो इसका ब्यौरा क्या है और इसके निर्माण कार्य में विलम्ब होने के क्या कारण हैं ; और

(घ) इस सिलसिले में सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयत्नों का ब्यौरा क्या है ?

पेट्रोलियम और रसायन मंत्री (श्री एम०एस० गुरुपदस्वामी) : (क) से (घ) इस परियोजना के लिए सोवियत सहायता की शर्तों और कार्य क्षेत्र पर अभी बातचीत चल रही है । इस बातचीत के पूरा होने के बाद ही लागत में सम्भावित वृद्धि और परियोजना को पूरा करने के कार्यक्रम के बारे में निश्चित रूप से कहा जा सकता है ।

प्राकृतिक गैस का अपव्यय और इसका प्रयोग

794. श्री राम नरेश यादव : क्या पेट्रोलियम और रसायन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बम्बई हाई से प्रति वर्ष लगभग 750 करोड़ रुपये की प्राकृतिक गैस वस्ट हो रही है ;